NEWS18 हिंदी

हरियाणा में नकली गोल्ड फ्लैक ब्रांड की सिगरेट से लदा ट्रक पकड़ा, 50 लाख रुपये की 86 हजार स्टिक बरामद

नूंह. हरियाणा के नूंह जिले के बिछोर थाना क्षेत्र में आबकारी एवं कराधान विभाग (जीएसटी) की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है. टीम ने नकली सिगरेट से भरे एक ट्रक को जब्त किया है. अधिकारियों के अनुसार, ट्रक से करीब 86 हजार सिगरेट स्टिक बरामद की गई हैं, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 50 लाख रुपये के करीब बताई जा रही है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गत दिनों पुलिस चेक पोस्ट बिछोर के पास एक ट्रक को आबकारी विभाग ने रोका गया. तलाशी के दौरान ट्रक में गोल्ड फ्लेक ब्रांड नाम से अंकित सिगरेट की बड़ी खेप बरामद हुई. सिगरेट पैकटों में करीब 86000 स्टिक नकली सिगरेट की मिली हैं.

Source: https://hindi.news18.com/news/haryana/mewat-nuh-excise-department-seizes-86000-fake-gold-flakes-company-cigarettes-from-truck-ws-l-10215781.html